भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.05.2025

## रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक–24.05.2025 रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) श्री संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। श्री पंकज ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होने सर्वप्रथम आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के द्वारा पिछले वर्ष किये गये रिकॉर्ड उत्पादन के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में पहियों के उत्पादन को इस साल 60 हजार करने एवं इसको क्रमशः हर वर्ष बढाते हुए 80 हजार एवं इससे अधिक पहियों के उत्पादन तक ले जाने के लिए निर्देशित किया।

अपर सदस्य ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान कोच वेल्डिंग की गुणवत्ता, साइडवाल, लेजर कटिंग मशीन, कोच रूफ वेल्डिंग, आदि को बारीकी से समझा तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया और इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों से मशीन की कार्यप्रणाली के संबंध में बातचीत की। विशेष रूप से आरेडिका में लगी नई मशीनों की संचालन प्रणाली का अवलोकन किया।

श्री पंकज ने फिनिशिंग शॉप के दौरे के दौरान सामान्य यात्रियों के सफर के लिए बनने वाले दीन दयालु, स्लीपर कोचों को देखा एवं वन्देभारत कोच के प्रोटोटाइप कोच का निरीक्षण किया।

आगे इसी क्रम में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को बढाने एवं प्लाण्ट की अवसंरचना के विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीएफए बीएल मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, पीसीएमओ डा आभा जैन एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट के प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

24.5.2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी